ई-मेल

**मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल**

क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / क / 598 / 3161 भोपाल दिनांक 19 / 12 / 2014

–::परिपत्र::–

म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी–3–7–2013–3–एक भोपाल 25 सितम्बर 2014 प्राप्त हुआ है जिसमें सामाजिक पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड प्रदाय करना, रोजगार कार्यालय में पंजीयन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्रवृत्ति प्रदाय, विद्युत कनेक्शन प्रदाय, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन आदि अनेक सेवाओं में आवेदकों को अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ शपथ–पत्र भी तैयार कर संलग्न करना होता है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आम नागरिकों को दैनिक जीवन में आवश्यक वे सेवाऐं, जिनमें स्पष्ट विधिक पूर्वापेक्षा न होने पर भी अनुप्रमाणित शपथ–पत्र प्रस्तुत करने की अनिवार्यता है, अब अनुप्रमाणित शपथ–पत्र के स्थान पर अस्टाम्पित कागज पर स्वहस्ताक्षरित स्व–प्रमाणित घोषणा पत्र मान्य किया जाये।

अतः म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड के समस्त कार्यालय प्रभारियो को म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी–3–7–2013–3–एक भोपाल 25 सितम्बर 2014 संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि मण्डी बोर्ड मुख्यालय / आंचलिक कार्यालय / तकनीकी संभाग एवं प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में उक्त विषय से संबंधित यदि ऐसे प्रकरण मण्डी बोर्ड की सेवा में आते है तो उनमें शासन निर्देशानुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित की जाय।

उपरोक्त निर्देश का कडाई से पालन किया जावे।

(अरूण पाण्डेय)
प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड कार्मिक / क / 598 / 3162 भोपाल दिनांक 18 / 12 / 2014
प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
संलग्न :– उपरोक्तानुसार

1. निज सहायक प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।
2. अपर संचालक(समस्त) / मुख्य अभियंता मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।
3. संयुक्त संचालक(समस्त) / अधीक्षण यंत्री / उपसंचालक (समस्त) मण्डी बोर्ड मु. भोपाल।
4. संयुक्त संचालक / उपसंचालक / कार्यपालन यंत्री,(समस्त) मण्डी बोर्ड आंचलिक कार्यालय / तकनीकी संभाग..............................की ओर पालनार्थ एवं इस निर्देश को संभाग के सभी मण्डी सचिवो को भेजा जाकर, पालन सुनिश्चित कराये।
5. अध्यक्ष / सचिव कृषि उपज मंडी समिति..............................जिला..............................(म.प्र.)
6. शाखा प्रभारी (समस्त)————————शाखा मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की ओर पालनार्थ।

प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

Rajesh_Paripathr

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांकः सी–3–7–2013–3–एक, भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर, 2014

प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त जिला कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकार, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

**विषयः–अनुप्रमाणित शपथ–पत्र के स्थान पर स्व–प्रमाणित घोषणा–पत्र (Self Declaration) के आधार पर सेवाओं को प्रदान करने बावत्।**

---

राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक सेवाओं का प्रदाय किया जाता है। सामाजिक पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड प्रदाय करना, रोजगार कार्यालय में पंजीयन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्रवृत्ति प्रदाय, विद्युत कनेक्शन प्रदाय, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन आदि अनेक सेवाओं में आवेदकों को अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ शपथ–पत्र भी तैयार कर संलग्न करना होता है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आम नागरिकों को दैनिक जीवन में आवश्यक वे सेवाऐं, जिनमें स्पष्ट विधिक पूर्वापेक्षा न होने पर भी अनुप्रमाणित शपथ–पत्र प्रस्तुत करने की अनिवार्यता है, अब अनुप्रमाणित शपथ–पत्र के स्थान पर अस्टाम्पित कागज पर स्वहस्ताक्षरित स्व–प्रमाणित घोषणा–पत्र (Self Declaration) मान्य किया जाये।

1. नवीन व्यवस्था के अंतर्गत अब आवेदक शपथ–पत्र के स्थान पर स्वयं के द्वारा प्रमाणित घोषणा–पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर आवेदन के साथ प्रस्तुत करेंगे। ऐसा घोषणा–पत्र स्वयं के हस्ताक्षर से अस्टाम्पित कागज पर दिया जा सकेगा अर्थात् इसके लिए किसी प्रकार के स्टाम्प पेपर क्रय करने अथवा नोटराइज कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

2. संबंधित सेवा के लिए आवेदकों द्वारा स्वप्रमाणित घोषणा–पत्र में वर्णित तथ्यों की सत्यता की जांच रेण्डम आधार पर नियमित रूप से करायी जा सकेगी। जांच के पश्चात् यदि यह सिद्ध होता है कि किसी आवेदक द्वारा त्रुटिपूर्ण जानकारी के आधार पर सेवा प्राप्त की गयी है तो ऐसे प्रमाण–पत्रों को निरस्त करने की कार्यवाही के साथ–साथ संबंधित

आवेदक के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता एवं अन्य विद्यमान विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।

3. आवेदक द्वारा अस्टाम्पित कागज पर प्रस्तुत स्व–प्रमाणित घोषणा–पत्र मान्य किये जाने के पश्चात् यदि कोई आपत्ति प्राप्त होती है एवं प्रथम दृष्टया स्व–प्रमाणित घोषणा–पत्र में गलत तथ्य दर्शाये जाने के बारे में जानकारी प्राप्त होती है, तो आवेदक को सुनवाई का अवसर संबंधित कार्यालय द्वारा प्रदान कर स्व–प्रमाणित घोषणा–पत्र को अमान्य/आपत्ति निरस्त की जा सकेगी।

4. उपरोक्त निर्देश उन सभी विभागों की उन सभी सेवाओं के लिए लागू होंगे जिनमें केन्द्र शासन के द्वारा अथवा किसी अधिनियम के अंतर्गत कानूनन शपथ–पत्र प्रस्तुत करने की बाध्यता नहीं है। सभी विभाग अपनी ऐसी सेवाओं को चिन्हांकित कर अपने सेवा प्रदान संबंधी पूर्व दिशा–निर्देशों में तत्काल तदानुसार संशोधन कर संशोधित निर्देश दिनांक 30/10/2014 तक जारी करेंगे। यदि किसी अन्य विशेष बाध्यता के कारण कोई विभाग किसी सेवा विशेष के लिए छूट चाहता है, तो इस संबंध में वह सामान्य प्रशासन विभाग को अपना अनुरोध प्रेषित करेगा। इस विषय पर अंतिम निर्णय शासकीय प्रकियाओं के सरलीकरण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिया जायेगा।

5. उपरोक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(के.सुरेश)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ.क्र. सी–3/17/1/3/2011 भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर, 2014

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजभवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
3. अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर।
4. माननीय मंत्री/राज्यमंत्री के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश भोपाल।
5. प्रमुख सचिव (समन्वय), मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
6. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल।
8. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल।
9. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
10. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल।
11. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खंडपीठ इंदौर/ग्वालियर/जबलपुर।
12. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर।
13. सचिव, लोक सेवा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
14. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल।
15. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर।
16. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश, मंत्रालय, भोपाल।
17. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल।
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(आर.के गजभिये)<br>
उप सचिव<br>
मध्यप्रदेश शासन<br>
सामान्य प्रशासन विभाग

परिशिष्ट–'एक'

# स्व–घोषणा पत्र

मैं .......................................... के लिए आवेदन करना चाहता हूं।

2/ मैं .............................................. पुत्र/पुत्री श्री .............................................. उम्र ......................वर्ष ............ निवासी .............................................................. जिला .............................. मध्यप्रदेश एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है, मैंने उसमें कुछ भी छिपाया नहीं है। मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभों को भी वापस किया जावेगा।

**हस्ताक्षर**

**नाम** ......................................

**पता** ......................................

**स्थान** ..............................

**दिनांक** ..........................

| SN | Name of Service | Income Certificate | Domicile Certificate | Affidavit | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Yes/No | Yes /No | Yes/ No | |
| 1.1 | निम्नदाब के व्यक्तिगत स्थाई नवीन कनेक्शन के लिए मॉग–पत्र प्रदान करना जहॉं ऐसा कनेक्शन वर्तमान नेटवर्क से संभव है | No | No | Yes | मकान / दुकान / कार्यालय आदि संबंधी वैध स्वामित्व अथवा किरायेदारी के कागजात की छायाप्रति (किरायेदार होने पर किरायेदारी संबंधी अनुबंध पत्र / शपथपत्र / किराए की रसीद) |
| 1.2 | मॉग–पत्र अनुसार राशि जमा करने के बाद वर्तमान नेटवर्क से निम्नदाब स्थाई नवीन कनेक्शन प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 1.3a | जहां वर्तमान निम्न दाब अधोसंरचना में विस्तार की आवश्यकता न हो वहां 10 कि.वा. तक के लिए अस्थायी कनेक्शन प्रदान करने हेतु मॉग पत्र जारी करना | No | No | No | Not applicable |
| 1.3b | जहां वर्तमान निम्न दाब अधोसंरचना में विस्तार की आवश्यकता न हो वहां 10 कि.वा. तक के लिए राशि जमा करने के उपरांत अस्थायी कनेक्शन प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 1.4 | जहां वर्तमान निम्न दाब अधोसंरचना में विस्तार की आवश्यकता न हो वहॉं उपभोक्ता द्वारा संपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत भारवृद्धि के प्रकरणों में मॉग पत्र जारी करना | No | No | Yes | एक शपथ पत्र जिसनें यह उल्लेखित हो कि आवेदक उस संस्था का स्वयं मालिक है। |
| 1.5 | जहां वर्तमान निम्न दाब अधोसंरचना में विस्तार की आवश्यकता न हो वहॉं मॉग पत्र अनुसार राशि जमा करने तथा अनुपूरक अनुबंध किये जाने के उपरांत निम्न दाब के प्रकरणों में भारवृद्धि करना | No | No | No | Not applicable |

| No. | SN | Name of Service | Income Certificate Yes/No | Domicile Certificate Yes /No | Affidavit Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1.6 | निम्नदाब उपभोक्ताओं के मीटर बंद होने या तेज चलने की शिकायत पर जांच कराना एवं मीटर खराब पाये जाने पर सुधारना / बदलना | No | No | No | Not applicable |
| 7 | 1.7 | निम्न दाब संयोजन के स्थायी विच्छेदन करने संबंधी आवेदन का निराकरण | No | No | No | Not applicable |
| 8 | 2.1 | प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 9 | 2.2 | विवाह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना | No | No | Yes | वर–वधू की आयु के संबंध मे नोटरी / मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित शपथ पत्र। |
| 10 | 2.3 | मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 11 | 2.4 | निर्माण श्रमिको का पंजीयन | No | No | Yes | कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर नोटरी / मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित आयु के संबंध मे शपथ पत्र |
| 12 | 2.5 | निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने पर सहायता प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 13 | 2.6 | दुकान संस्थान की स्थापना का पंजीयन | No | No | Yes | फर्म में भागीदार होने की स्थिति में अनुबंध की नोटराईज्ड शपथ पत्र की प्रति एवं<br>फर्म / कंपनी लि0 होने की स्थिति में मेमोरण्डम ऑफ आर्टिकल की प्रति। |
| 14 | 2.7 | दुकान संस्थान की स्थापना के पंजीयन का नवीनीकरण | No | No | No | Not applicable |
| 15 | 3.1 | विभागीय हैडपंप के जमीन के ऊपरी भाग की साधारण खराबी का सुधार करने के संबंध में । | No | No | No | Not applicable |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate Yes/No | Domicile Certificate Yes /No | Affidavit Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 3.2 | विभागीय हैडपंप के जमीन के निचले भाग मे लाईन असेम्बली व रिलेंडर की गंभीर खराब्री के सुधार के संबंध में । | No | No | No | Not applicable |
| 17 | 3.3 | पानी पीने योग्य है या नही संबंधी जॉच कर रिपोर्ट देने के संबंध में । | No | No | No | Not applicable |
| 18 | 4.1 | राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड–छः क्रमांक 4 के अनुसार प्राकृतिक प्रकोप से शारीरिक अंगहानि अथवा मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दी जाना | No | No | No | Not applicable |
| 19 | 4.2 | चालू खसरा/खतौनी की प्रतिलिपियों का प्रदाय | NO | NO | No | Not applicable |
| 20 | 4.3 | चालू नक्शा की प्रतिलिपियों का प्रदाय | No | No | No | Not applicable |
| 21 | 4.4 | भू–अधिकार एवं ऋण पुस्तिका का प्रथम बार प्रदाय | No | No | No | Not applicable |
| 22 | 4.5 | भू–अधिकार एवं ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट कॉपी) का प्रदाय | No | No | Yes | स्वयं का शपथ पत्र (जिसने ऋणपुस्तिका की द्वितीय प्रति प्राप्त करने का कारण एवं भूमि पर बैंको से लिए गये ऋण का विवरण दर्शित हो, यदि आवेदक पर कोई ऋण न हो तो इस बावत उल्लेख शपथ पत्र मे किया जायेगा) |
| 23 | 4.6 | वन्य प्राणियों से फसल हानि का भुगतान (राजस्व एवं वन ग्रामों मे) | No | No | No | Not applicable |
| 24 | 4.7 | नजूल अनापत्ति प्रमाण पत्र | No | No | Yes | सभी जानकारियाँ विधिवत एवं सही होने का स्वयं का शपथ पत्र। |
| 25 | 4.8 | शोध्य क्षमता प्रमाण पत्र | No | No | Yes | आवेदन–पत्र मे बताये गये तथ्यों के सही होने बाबत् शपथ –पत्र। |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate<br>Yes/No | Domicile Certificate<br>Yes /No | Affidavit<br>Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 4.9 | राजस्व न्यायालय (राजस्व मंडल को छोडकर) मे प्रचलित प्रकरणों मे पारित आदेश / अतरिम आदेश या अन्य दस्तावेज की सत्यप्रतिलिपि पक्षकार को प्रदाय करना | No | No | No | Not applicable |
| 27 | 4.10 | अभिलेख प्रकोष्ठ मे जमा भूअभिलेखों / राजस्व प्रकरणों / नक्शों एवं अन्य अभिलखों की सत्य प्रतिलिपि प्रदाय करना | No | No | No | Not applicable |
| 28 | 4.11 | राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अतर्गत निम्न आपदाओं के [illegible] किये जाने पर आर्थिक सहायता दी जाना<br>1. फसल हानि के लिये आर्थिक सहायता<br>2. पशु / पक्षी (मुर्गी / मुर्गा) हानि के लिये आर्थिक सहायता<br>3. नष्ट हुए मकानों के लिये आर्थिक अनुदान<br>4. कपड़ो, बर्तनों एवं खाद्यान्न की क्षति के लिये आर्थिक अनुदान सहायता<br>5.लावारिस शव के अतिम संस्कार के लिये सहायता<br>6.मृत पशुओं के निवर्तन की व्यवस्था<br>7.कुम्हार के भट्टे में ईंट तथा खपरे बरबाद होने पर आर्थिक अनुदान सहायता<br>8.बुनकरों / हस्त शिल्पियों को दी जाने वाली<br>9.अग्नि या बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों को सहायता<br>10.बाढ़ व तूफान से प्रभावित मछुआरों को दी जाने वाली सहायता<br>11. प्रभावित मछुआरों को दी जाने वाली अन्य | No | No | No | Not applicable |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate Yes/No | Domicile Certificate Yes /No | Affidavit Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 12.कुएं या नलकूप के नष्ट होने पर दी जाने वाली<br>13.बैलगाडी तथा अन्य कृषि उपकरण नष्ट होने पर आर्थिक सहायता | | | | |
| 29 | 4.12 | बंटवारा के आदेश के पश्चात् नक्शो मे बटांकन/तरमीम तथा तरमीम पश्चात् अक्स नक्शा ए–4 साईज के कागज पर आवेदक को प्रदाय | No | No | No | Not applicable |
| 30 | 4.13 | भूमि का सीमांकन करना | No | No | No | Not applicable |
| 31 | 4.14 | अविवादित नामांतरण करना | No | No | Yes | शपथ पत्र जिसमें कृषक के निधन की पुष्टि उसके द्वारा धारित खाते की भूमि के ब्यौरे तथा स्वर्गीय कृषक के वैध उत्तराधिकारियों की सूची सजरा का वर्णन हो। |
| 32 | 4.15 | अविवादित बँटवारा करना | No | No | No | Not applicable |
| 33 | 5.1 a | जहाँ तकनीकी रूप से साध्य हो, वहाँ नवीन नल कनेक्शन के लिये मांग पत्र प्रस्तुत किया जाना । | No | No | Yes | किरायेदार की स्थिति मे किरायेनामा/किराये की रसीद/किरायेदार होने का शपथ पत्र |
| | 5.1 b | मांग पत्र अनुसार राशि जमा करने पर नवीन कनेक्शन प्रदाय। | No | No | No | Not applicable |
| 34 | 5.2 | गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों की सूची में नाम जोड़ना (नगरीय क्षेत्र) के संबंध में निर्देश। | No | No | No | Not applicable |
| 35 | 5.3 | नगरीय क्षेत्रों के हेण्डपंपों एवं ट्यूबवेल का सुधार करने संबंधी निर्देश। | No | No | No | Not applicable |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate | Domicile Certificate | Affidavit | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Yes/No | Yes /No | Yes/ No | |
| 36 | 5.4 | पानी पीने योग्य है या नहीं संबंधी जांच कर रिपोर्ट देना | No | No | No | Not applicable |
| 37 | 6.1 | स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध मे | No | No | Yes | आवेदक को निर्धारित प्रारूप प्रपत्र –'2' मे शपथ पत्र प्रस्तुत करना<br>आवश्यक होगा। |
| 38 | 6.2 | आय प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध मे । | No | No | Yes | आवेदक का स्वयं का शपथ-पत्र (प्रपत्र–2 मे) जिसमे आय का उल्लेख किया गया हो। |
| 39 | 6.3 | जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में। | No | No | Yes | जाति एवं निवास की तिथि के संबंध में शपथ–पत्र। |
| 40 | 6.4 | नगरीय निकायों /पचायतों की अंतिम रुप से प्रकाशित मतदाता सूचि की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराने के संबंध मे | No | No | No | Not applicable |
| 41 | 7.1 | सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रथम बार स्वीकृत एव प्रदाय करना | No | No | Yes | कोई दस्तावेज उपलब्ध नही होने पर नोटरी/मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित आयु संबंधी शपथ पत्र। |
| 42 | 7.2 | इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन प्रथम बार स्वीकृत एवं प्रदाय करना | No | No | Yes | कोई दस्तावेज उपलब्ध नही होने पर नोटरी/मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित आयु के संबंध मे शपथ पत्र |
| 43 | 7.3 | इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन प्रथम बार स्वीकृत एवं प्रदाय करना | No | No | Yes | कोई दस्तावेज उपलब्ध नही होने पर नोटरी/मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित आयु के संबंध मे शपथ पत्र |
| 44 | 7.4 | इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन प्रथम बार स्वीकृत एवं प्रदाय करना | No | No | Yes | कोई दस्तावेज उपलब्ध नही होने पर नोटरी/मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित आयु के संबंध में शपथ पत्र |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate Yes/No | Domicile Certificate Yes /No | Affidavit Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | 8.1 | मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति / जनजाति आकस्मिकता योजना नियम, 1995 के अन्तर्गत राहत प्राप्त न होने संबंधी आवेदन पत्र का समाधान करना। | No | No | No | Not applicable |
| 46 | 9.1 | नवीन बी.पी.एल. राशनकार्ड जारी करना | No | Yes | No | Not applicable |
| 47 | 9.2 | नवीन ए.पी.एल. राशनकार्ड जारी करना | No | Yes | Yes | स्वय के नाम से पूर्व मे राशन कार्ड न होने / किसी अन्य राशनकार्ड मे नाम न होने का शपथपत्र। |
| 48 | 9.3 | डुप्लीकेट बी.पी.एल. राशनकार्ड जारी करना | No | Yes | Yes | राशनकार्ड विरुपित / गुम / नष्ट, हो जाने के आशय का शपथ–पत्र। |
| 49 | 9.4 | डुप्लीकेट ए.पी.एल. राशनकार्ड जारी करना | No | Yes | Yes | राशनकार्ड विरुपित / गुम / नष्ट, हो जाने के आशय का शपथ--पत्र। |
| 50 | 9.5 | सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान से खाद्यान्न, शक्कर एवं केरोसिन प्राप्त नहीं होने पर उसे पात्रतानुसार दिलवाया जाना। | No | No | No | Not applicable |
| 51 | 10.1 | वन्य प्राणियों से जनहानि हेतु राहत राशि का भुगतान | No | No | No | Not applicable |
| 52 | 10.2 | वन्य प्राणियों से जन घायल हेतु राहत राशि का भुगतान | No | No | No | Not applicable |
| 53 | 10.3 | वन्यप्राणियो से पशु–हानि राहत राशि का भुगतान | No | No | No | Not applicable |
| 54 | 10.4 | मालिक मकबूजा प्रकरण मे भुगतान | No | No | No | Not applicable |
| | | 1. डिपो मे काष्ठ प्राप्त होने के उपरांत भुगतान के प्रकरण | No | No | No | Not applicable |
| | | 2. पृथक लाट के विकल्प की दशा मे विक्रय मूल्य की पूर्ण वसूली के प्रकरण | No | No | No | Not applicable |
| 55 | 10.5 | काष्ठ के परिवहन का अनुज्ञा पत्र प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate | Domicile Certificate | Affidavit | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Yes/No | Yes /No | Yes/ No | |
| 56 | 11.1 | मृतक के परिवार के सदस्य के आवेदन पर पोस्टमार्टम रिर्पोट की प्रति प्रदान करना । | No | No | No | Not applicable |
| 57 | 11.2 | एफ.आई.आर. की प्रति प्राप्त न होने पर प्रतिलिपि शिकायतकर्ता को प्रदान करना। | No | No | No | Not applicable |
| 58 | 11.3 | शस्त्र लायसेंस अवधि समाप्त होने के पूर्व एवं बाद शस्त्र लायसेंस का नवीनीकरण बाबत्। | No | No | Yes | शस्त्र लायसेंसधारी का निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र। |
| 59 | 11.4 | शस्त्र लायसेंस अवधि समाप्त होने के पूर्व एवं बाद शस्त्र लायसेंस का नवीनीकरण बाबत्। | No | No | No | Not applicable |
| 60 | 11.5 | शस्त्र लायसेंस की डुप्लीकेट प्रति । | No | No | Yes | लायसेंस गुम/चोरी होने की दशा में तत्संबंधी नोटरी/मजिस्ट्रेट के समक्ष शपथ पत्र मूलतः |
| 61 | 12.1 | 12.1(अ) एवं 12.1(ब) –राज्य बीमारी सहायता निधि के अंतर्गत जिला व संभाग स्तर से प्रकरण स्वीकृत किया जाना। | No | No | No | Not applicable |
| 62 | 12.2 | विकलांगता प्रमाण–पत्र दिये जाने के संबंध में। | No | No | No | Not applicable |
| 63 | 12.3 | दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना कार्ड जारी करने के संबंध में। | No | No | No | Not applicable |
| 64 | 12.4 | राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत टीकाकरण करना। | No | No | No | Not applicable |
| 65 | 12.5 | आवेदक की आयु का चिकित्सीय सत्यापन | No | No | No | Not applicable |
| 66 | 13.1 | रासायनिक उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र एवं कीटनाशक, बीज विक्रय लायसेंस जारी करना। | No | No | No | Not applicable |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate | Domicile Certificate | Affidavit | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Yes/No | Yes /No | Yes/ No | |
| 67 | 13.2 | रासायनिक उर्वरक विकय प्राधिकार पत्र एवं कीटनाशक, बीज विक्रय लायसेंस का नवीनीकरण। | No | No | Yes | निर्धारित संलग्न प्ररूप में आवेदक का शपथ पत्र। |
| 68 | 14.1 | लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत स्वीकृति जारी करना | Yes | Yes | No | Not applicable |
| 69 | 14.2 | पंजीकृत हितग्राहियों को आंगनबाड़ी में पोषण आहार प्राप्त नहीं होने पर उसे पात्रतानुसार दिलवाया जाना। | No | No | No | Not applicable |
| [illegible] | [illegible] 1 | लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस जारी करना | No | No | No | Not applicable |
| 71 | 15.2 | वाहन फिटनेस प्रमाण–पत्र जारी करना | No | No | No | Not applicable |
| 72 | 15.3 | वाहन का पंजीयन | No | No | No | Not applicable |
| 73 | 16.1 | गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों की सूची में नाम जोड़ना (ग्रामीण क्षेत्र) | No | No | No | Not applicable |
| 74 | 17.1 | अंगीकृत विकास योजनाओं में भूमि उपयोग की जानकारी | No | No | No | Not applicable |
| 75 | 17.2 | अंगीकृत विकास योजनाओं में रोड की प्रस्तावित चौड़ाई की जानकारी | No | No | No | Not applicable |
| 76 | 17.3 | जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 25/26 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 21 के तहत लघु श्रेणी के उद्योगों को सम्मति। | No | No | No | Not applicable |

(104)

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate | Domicile Certificate | Affidavit | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Yes/No | Yes /No | Yes/ No | |
| 77 | 17.4 | जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 25/26 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 21 के तहत वृहद्/मध्यम श्रेणी के उद्योगों को सम्मति। | No | No | No | Not applicable |
| 78 | 17.5 | प्राधिकरण के बोर्ड द्वारा संकल्पित अथवा धारा 50 के अंतर्गत अधिसूचित स्कीम में किसी निजी भूमि के सम्मलित होने की जानकारी। | No | No | No | Not applicable |
| 79 | 17.6 | प्राधिकरण के बोर्ड द्वारा संकल्पित अथवा धारा 50 के अंतर्गत अधिसूचित स्कीम में सम्मलित भूमि पर भूमि स्वामी द्वारा विकास करने के संबंध नें प्राधिकरण द्वारा अनापत्ति / आपत्ति प्रदाय करना। | No | No | No | Not applicable |
| 80 | 18.1 | जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र | No | No | No | Not applicable |
| 81 | 18.2 | मृत्यु का अप्राप्यता प्रमाण पत्र | No | No | No | Not applicable |
| 82 | 18.3 | जन्म के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति | No | No | Yes | चिकित्सालय द्वारा बच्चे के जन्म की सूचना का प्रमाण-पत्र अथवा निर्धारित शपथ पत्र परिशिष्ट (शहरी क्षेत्र ) |
| 83 | 18.4 | मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति | No | No | Yes | चिकित्सालय द्वारा जारी दस्तावेज/शपथ पत्र (शहरी क्षेत्र में नोटरी द्वारा प्रमाणित/ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी हल्का द्वारा प्रमाणित) |
| 84 | 18.5 | जन्म प्रमाण पत्र | No | No | No | |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate Yes/No | Domicile Certificate Yes /No | Affidavit Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 85 | 18.6 | मृत्यु प्रमाण पत्र | No | No | Yes | चिकित्सालय द्वारा जारी दस्तावेज/शपथ पत्र (शहरी क्षेत्र में नोटरी द्वारा प्रमाणित/ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी हल्का द्वारा प्रमाणित) |
| 86 | 18.7 | विवाह पंजीयन | No | No | Yes | सरपंच का प्रमाण–पत्र, राशन कार्ड, जॉब कार्ड आदि के आधार पर दिया गया शपथ पत्र दस्तावेज जिसमे जन्म तिथि अंकित हो। |
| 87 | 19.1 | पेशनर द्वारा निर्धारित पेंशन आवेदन प्रपत्र भरकर प्रस्तुत करने की स्थिति में पेंशन/ परिवार पेंशन प्रकरण संभागाय भवन/जिला पेंशन कार्यालय भेजना | No | No | No | Not applicable |
| 88 | 19.2 | पेंशन/परिवार पेंशन प्रकरण में विभाग द्वारा आपत्तियों के निराकरण करने पर पेंशन/परिवार पेंशन भुगतान आदेश जारी करना। | No | No | No | Not applicable |
| 89 | 19.3 | पेंशन/परिवार पेंशन भुगतान आदेश कोषालय अधिकारी को प्राप्त होने की स्थिति में पेंशन/परिवार पेंशन का प्रथम भुगतान। | No | No | No | Not applicable |
| ꞁ0 | 20.1 | गुणवत्ता प्रमाणीकरण पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति | No | No | No | Not applicable |
| 91 | 20.2 | परियोजना प्रतिवेदन व्यय प्रतिपूर्ति | No | No | No | Not applicable |
| 92 | 20.3 | टर्मलोन पर ब्याज अनुदान स्वीकृति एवं वितरण (सूक्ष्म, लघु एव मध्यम विनिर्माण उद्यमों हेतु) | No | No | No | Not applicable |
| 93 | 20.4 | रोजगार कार्यालय मे पंजीयन | No | No | No | Not applicable |
| 94 | 20.5 | रोजगार कार्यालय में पजीयन का नवीनीकरण | No | No | No | Not applicable |

| Sr No. | SN | Name of Service | Income Certificate Yes/No | Domicile Certificate Yes /No | Affidavit Yes/ No | Type of Affidavit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | 20.6 | माइक्रो, स्मॉल एण्ड मीडियम इन्टरप्राइजेज डवलपमेन्ट एक्ट 2006 के तहत मेमोरेण्डम जमा करने पर अभिस्वीकृति प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 96 | 20.7 | चिन्हित गैर प्रदूषणकारी उद्योगों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना | No | No | No | Not applicable |
| 97 | 21.1 | नामांकन / माइग्रेशन प्रमाण–पत्र प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 98 | 21.2 | प्रोवीजनल उपाधि / डुप्लीकेट अंकसूची प्रदान करना | No | No | No | Not applicable |
| 99 | 21.3 | अंकसूची में सुधार / नाम / उपनाम (सरनेम) सुधार करना | No | No | No | Not applicable |
| 100 | 21.4 | शोध उपाधि समिति (आरडीसी) की बैठक में लिए गए समस्त आक्षेपों के निराकरण होने के बाद शोध पंजीयन पत्र प्रदान करन। | No | No | No | Not applicable |
| 101 | 21.5 | शोध प्रबंध (Thesis) प्रस्तुति के पश्चात् पीएचडी अवार्ड करने के संबंध में अंतिम निर्णय लेना | No | No | No | Not applicable |